।। सत्यनाम ।।

सत्य गुरु कबीर

Satya Guru Kabir

caukā āratī - Special Issue
चौका-आरती विशेषाङ्क



Sonaa sajjana saadhu jana,
tuti jurai sau baara ।

Durjana kumbha kumbhaara kaa,
ekai dhakaa daraara ॥

Gold, broken down in pieces, can be melted back to one piece. Kind and truthful persons after a separation can again be together. But unkind and wicked people, just like an earth pot once broken can never be put together, get permanently separated after a simple dispute.

January-February-March 2004 Vol 2 No.1

◗ Shree Kabir Council – La Caverne, Vacoas ◗ Shree Satya Kabir Muktamaneenaam Dharmic Sabha – Pointe Aux Piments ◗ Shree Mahaprabhu Kabir Dharmasthan – Morcellement St. André

भजन (स्वागत)

गढ़बाँधो एक आमीन बिनवे, कब साहेब मोरे आये हो ।।टेक।।
जब सतगुरु गढ़बाँधो आये, सखियन मंगल गाये हो ।
जब सतगुरु पैयार में आये, आमीन कलश धराये हो ।।१।।
जब सतगुरु मोरे आँगन में आये, मोतियन चौका पुराये हो ।
जब सतगुरु मोरे महल में आये, कनक भण्डार लुटाये हो ।।२।।
चरण पखारि चरणामृत लीन्हा, लेकर पलंग बैठाये हो ।
पान सुपारी नरियर केला, आमीन भेंट चढ़ाये हो ।।३।।
चार खूँट के चौका पोते, बीच धरे परवाना हो ।
करहिं आरती सन्मुख आये, चरणतक भई ठारी हो ।।४।।
लिख परवाना सतगुरु दीन्हा, अजर अमर कर लीन्हा हो ।
कहैं कबीर सुन धर्मनि आमीन, लेहु मुक्ति परवाना हो ।।५।।

आरती

आरति दीन दयाल, साहेब आरति हो ।
आरति गरीब निवाज़ साहेब आरति हो ।।टेक।।
ज्ञान आधार विवेक की बाती, सुरति जोति जहाँ जाग ।।१।।
आरति करूँ सतगुरु साहेब की, जहाँ सब सन्त समाज ।।२।।
दरश-परस गुरु चरण-शरण भयो, टूटि गयो जम जाल ।।३।।
साहेब कबीर सन्तन की कृपा से, पूरण पद परकाश ।।४।।

आरती

आरती कीजै बन्दी छोर समरत्थ की,
चरण शरण सतनाम पुरुष की ।।टेक।।
आरती कर पुहमीं पग धारे, सतयुग में सतनाम पुकारे ।।१।।
आरती कर मुख मंगल गाये, त्रेतानाम मुनींद्र धराये ।।२।।
कर आरती जग पंथ चलाये, द्वापर में करुणामय कहाये ।।३।।
आरती युग-युग बाँधे आशा, कलयुग केवल नाम प्रकाशा ।।४।।
चारों युग धरे प्रगट शरीरा, आरती गावे बंदीछोड़ कबीरा ।।५।।

आरती

कैसे मैं आरति करौं तुम्हारी, महामलिन साहेब देह हमारी ।।टेक।।
छूतहिं से उपजे संसारा, मैं छुतिया गुण गाऊँ तुम्हारा ।।१।।
झरना-झरे दशों-दिशि द्वारा, कैसे मैं आऊँ साहेब निकट तुम्हारा ।।२।।
जो प्रभु देह अग्र की देही, तब हम पायब साहेब नाम सनेही ।।३।।
मलयागिरि पर बसे भुजंगा, विष अमृत रहे एकै संगा ।।४।।
तिनुका तोड़ि दियो परवाना, तब पाये साहेब पद निर्वाना ।।५।।
धनि धर्मदास कबीर बल गाजे, गुरु प्रताप से आरती साजे ।।६।।

भजन (स्वागत)

कोई गुरुजन आये हैं मोरे अँगना, आये मोरे अँगना हो ।।टेक।।
चरण पखारि चरणामृत लीन्हा, देई के सिंहासन बैठाये मोरे अँगना ।।१।।
काहे के खम्भे गड़े हैं मोरे अँगना, काहे के मँड़वा छवाये मोरे अँगना ।।२।।
केले के खम्भे गड़े हैं मोरे अँगना, पतवन के मँड़वा छवाये मोरे अँगना ।।३।।
काहे के चौक पुराये मोरे अँगना काहे के कलश धराये मोरे अँगना ।।४।।
मोतियन चौक पुराये मोरे अँगना, सोने के कलश धराये मोरे अँगना ।।५।।
धर्मदास की आमिनि विनवे, आज तो आनंद भये हैं मोरे अँगना ।।६।।

आरती

जय जय श्री गुरुदेव ।।
पारख रूप कृपालं, मुद मय त्रय कालं ।
मानस साधु मरालं, नाशक भव जालं ।।१।।
कुन्द इन्दुवर सुन्दर, सन्तन हितकारी ।
शांताकार शरीरं, श्वेताम्बर धारी ।।२।।
श्वेत मुकुट चक्रांकित, मस्तक पर सोहे ।
शुभ्र तिलक युत भृकुटि, लखि मुनि मन मोहे ।।३।।
हीरा मणि मुक्तादिक, भूषित उर देशं ।
पद्मासन सिंहासन, स्थित मंगलवेशं ।।४।।
तरुण अरुण कंजाघ्री, जनमन वशकारी ।
तम अज्ञान प्रहारी, नखद्युति अति भारी ।।५।।
सत्य कबीर की आरति, जो कोई गावै ।
भक्ति पदारथ पावै, भव में नहिं आवै ।।६।।

आरती

गुरु जी की आरती, उतारो मन लगाय के ।
प्रेम से आरती उतारो, मन लगाय के ।।टेक।।
पान और फूल से, आरती सजाय ले - २।। गुरु जी की आरती...
प्रेम का दीया है, प्रेम की बाती - २।। गुरु जी की आरती...
आरती करो, सतगुरु साहेब की - २।। गुरु जी की आरती...
साहेब कबीर सब घट माहीं - २।। गुरु जी की आरती...
सुबह और शाम, साहेब के गुण गावो - २।। गुरु जी की आरती...
श्वास-श्वास में साहेब जी का नाम लो - २।। गुरु जी की आरती...
चौका लगाय के, गुरु आसन बैठाय के - २।। गुरु जी की आरती...
आरती की महिमा, कहाँ लगि वर्णौं - २।। गुरु जी की आरती...
साहेब कबीर जी की आरती उतारो - २।। गुरु जी की आरती...

Scheme of Transliteration

अ	a	अं	ṁ	छ	cha	थ	tha	र	ra
आ	ā	अः	ḥ	ज	ja	द	da	ल	la
इ	i	ऋ	ṛ	झ	jha	ध	dha	व	va
ई	ī	ऌ	ḷ	ञ	ña	न	na	श	śa
उ	u	क	ka	ट	ṭa	प	pa	ष	ṣa
ऊ	ū	ख	kha	ठ	ṭha	फ	pha	स	sa
ए	e	ग	ga	ड	ḍa	ब	ba	ह	ha
ऐ	ai	घ	gha	ढ	ḍha	भ	bha	क्ष	kṣa
ओ	o	ङ	ṅa	ण	ṇa	म	ma	त्र	tra
औ	au	च	ca	त	ta	य	ya	ज्ञ	gya

(Contd. from page 7)

डोरी ८

ज्ञान रतन की आँखियाँ, तुम देखो यम के जाल हो ।।टे०।।
यम के फंदा काटो हन्सा, जग तजि होहु निनार ।
सतगुरु दर्शन देंगे, तुम उतरो भवजल पार ।।१।।
जो तुम हन्सा निर्गुण चाहो, सर्गुण करहु विचार ।
निरगुण सरगुण छोड़िके, तुम दोउ तजि होहु निनार ।।२।।
अष्ट कमल दल ऊपरे, भँवर गुफा के घाट ।
सहस पंखुड़ी कमल है, पश्चिम दिशा के बाट ।।३।।
नव खंड हेत विसारो हन्सा, शब्द सुरति चित धार ।
कहैं कबीर धर्मदास सो, तुम उतरो भवजल पार ।।४।।

साखी

नाद संगाती कबीर है, बिन्द हि देह न भार ।
जुग जुग हन्स हिरंबर, नाद उबारन हार ।।८।।

आचार्य महंत संत सर्वेश्वर दास शास्त्री

|| satyanāma ||

Satya Guru Kabir

A Quarterly Journal on the teachings of Sadguru Kabir Saheb.

Kabirābd 605 Pauṣa-Māgha-Phālguna 2060 January-February-March 2004 Vol. 2 No. 1

Founder
M. Komaldass

H. Chief Editor
Acharya Mahant
Sant Sarveshwar Das Shastri
Saahitya-Vyaakaran-Vedaanta Saankhyayogaachaarya-LLB

Editor in Chief
M. Amardass

Board of Editors
Poorundass, Rajiv
M. Ravindradass
M. Prabhatdass

Advisor
Rajnarain

Address
4, Mosque Road
Morcellement St Andre
Plaine des Papayes
Mauritius

P.O. Box 637
Port Louis, Mauritius

Tel. (230) 261 7708
(230) 261 7773

e-mail: satyaguru_kabir@hotmail.com

Subscription
4 yearly issues
Yearly subscription Rs 100.00
Unit Price Rs 25.00

Printed at
Globe Printing, 41, Wellington St.,
Port Louis, Tel/Fax.: 208-1863

साखी - sākhī

निंदक नियरे राखिये, आंगन कुटी छवाय ।
बिनु पानी बिन साबुना, निर्मल करे सुभाव ॥
nindaka niyare rākhiye, āngana kuṭī chavāya |
binu pānī bina sābunā, nirmala kare subhāva ||

Keep your critic close to you; give him shelter in your courtyard. Without soap and water, he cleanses your character.

Commentary :
You get to know your faults if someone criticises you, and so you will have a chance to correct them. Listen to the criticism without annoyance, because the critic is not your enemy, he is in fact helping you to clean the rubbish from your own life.

मानष जन्म दुरलभ है, मिले न बारंबार ।
पक्का फल जो गिर पड़ा, बहुरी न लागे डार ॥
mānuṣa janma durlabha hai, mile na bārambāra |
pakkā phala jo gira paḍā, bahuri na lāge ḍāra ||

Human birth is difficult to obtain, and you will not get it again and again. Once a ripe fruit falls down, it won't be re-attached to its branch.

Commentary :
In this world human life is the best in which you have the opportunity to do good. It is difficult to get the same type of opportunity again and again. If you will not perform proper actions your *karma* will prevent you from getting this chance another time.

साईं इतना दीजिये, जामें कुटुम समाय ।
मैं भी भूखा ना रह, साधु न भूखा जाय ॥
sānyi itnā dījiye, jāmen kuṭuma samāya |
main bhī bhūkhā nā rahun, sādhu na bhūkhā jāya ||

God, please give me only that much, so as to maintain my family. I also will not remain hungry, nor will any *sādhu* go hungry.

Commentary :
In reality, there is no peace without satisfaction and satisfaction does not come with material wealth because the more we get, the more we want. We require only enough for our daily needs. That is why the devotee is only asking for enough to maintain himself, his family and to help others, so that he remains peaceful.

रूखा सुखा खाय के, ठंडा पानी पी ।
देख पराइ चूपड़ी, मत ललचावो जी ॥
rūkhā sukhā khāya ke, ṭhanḍā pānī pī |
dekha parāī cūpaḍī, mata lalacāvo jī ||

Eat dry and simple food, and drink cold water. Do not look at the buttered bread of others and long for it.

Commentary :
You have to try to live a simple life and be satisfied with it. If you try to pursue the luxurious life of others, you will not have peace of mind. Materialism does not bring peace in life. The more a person gets, the more he wants. There is no need to greeds.

Commentary by **Acharya Mahant Jagdish Das Shastri**
Jamnagar, Gujarat, India

No part of this publication may be reprinted or otherwise reproduced without the prior permission from the chief editor.
The opinions and thoughts expressed in the articles published in this journal are those of the writers and not those of the Satya Guru Kabir Committee.

सम्पादकीय

१ सद्गुरु का पूजन, २ संतों की सेवा, ३ सत्यनाम का जप, ४ श्रद्धापूर्वक ज्ञानदायक वचनों का श्रवण, ५ सात्विक चित्त से माया का अभाव, ६ सार और असार तत्त्व का विवेक ७ सत्य का मनसा वाचा कर्मणा आचरण, ८ सभी जीवों के प्रति समदृष्टि एवं ९ शील स्वभाव। इन नवों भक्तियों की तथा अन्य मान्य भक्ति के अंगों की विवेचना करने के उपरांत सद्गुरु कबीर साहेब अपने शिष्य धनी धर्मदास जी से कहते हैं :-

नवद्याभक्ति हीनैस्तु, कार्यारतिर्यथा विधि।
तत्र गुरोः सतां संगो, विधेयो मोक्ष भागिनाम् ॥

(आदि ब्रह्मनिरुपणम् ॥२०४॥)

जो मनुष्य उपरोक्त नवों प्रकार की भक्तियों का समुचित पालन न कर सके या कुछ कर सके; कुछ न कर सके उसे विधि पूर्वक "चौका-आरती" कराना चाहिये। इसमें गुरु, सन्तों एवं सदाचारी भक्तों जो मुक्ति की कामना करते हों (मुमुक्षु) ऐसे लोगों का समागम करना चाहिये।

"कबीर पंथ में जो एक विशेष रूप से धार्मिक विधि की जाती है उसे "चौका-आरती" कहा जाता है, जिसका दूसरा नाम "सात्विक-यज्ञ" भी है।

पंथ में इसका प्रयोग प्रायः (नैमित्तिक, प्रायश्चित आदि) सभी क्रियाओं में किया जाता है। खुशी, गमी आदि की कोई भी विधि इसके बिना सांग नहीं समझी जाती। गृहस्थियों से लेकर मठधरियों तक सभी कोई इसका अनुसरण करते हैं। सारतः पंथ की यह एक सर्व सामान्य विधि है।

इस यज्ञ के मुख्यतः चार भेद हैं। यथाः- १ आनन्दी चौका, २ जन्मोती या सोलह सुत का चौका, ३ चलावा चौका और ४ एकोत्तरी चौका। इनमें से (१) किसी आनन्दोत्सव के निमित्त या दीक्षा ग्रहण के निमित्त जो चौका कराया जाता है उसे आनंदी चौका या आनन्द-आरती कहते हैं। (२) पुत्र जन्म के उपलक्ष्य में या सन्तान-प्राप्ति की कामना से जो चौका कराया जाता है उसे जन्मोती चौका या सोलह सुतकी आरती कहते हैं। (३) किसी परलोक-गत आत्मा की शान्ति-लाभार्थ जो एक विधि कराई जाती है उसे "चलावा चौका" या "चलावा आरती" कहते हैं और (४) जो विधि एक सौ एक पूर्वजों के शान्ति-लाभार्थ की जाती है, उसे "एकोत्तरी चौका" कहा जाता है॥"

(चौका चन्द्रिका से)

श्रीमद् आदि ब्रह्मनिरुपण ग्रन्थ की श्लोक-संख्या २०४ से १४८ तक में इस सात्विक यज्ञ का लघु रूप में वर्णन मिलता है। सत्यलोकवासी पंथ श्री हजूर प्रकाशमणि नाम साहेब (खरसिया) ने इन श्लोकों की टीका करने के क्रम में विशद् रुप से व्याख्या की है जो इस विषय के सभी जिज्ञासुओं के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसमें चार गुरुओं की दिशायें, सोलह ब्रह्माशों का वासस्थान एवं पूजा, चारों लग्नों-केतकी, व्याल, जैमुनी, जगपति के लक्षण तथा पाँचों तत्त्वों-आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी के कैसे साक्षात्कार किया जाता है की युक्ति भी वर्णित है, जो सभी कड़िहारों के लिए उपयोगी है।

इस चौका-आरती का फल निरुपित करते हुये कहते हैः-

इमं भक्तिमतं चोक्तं, भावनावान् करोति यः ।
गच्छति स जनो लोकं, तत्र सर्व सुखं लभेत् ॥ आ.ब्र.नि.२४८

सात्विक-यज्ञ को प्रेम एवं भक्ति पूर्वक आयोजन करने वाला मनुष्य निश्चय ही सत्यलोक को प्राप्त करता है और वहाँ पूर्ण परमानन्द का अनुभव करता है। इस आरती का माहात्म्य यह भी है किः- "अजर ज्योति आरती परकाशा। दूत भूत यम मानैं त्रासा॥" अर्थात् जिस घर में यह सात्विक-यज्ञ किया जाता है वहाँ किसी प्रकार के अनिष्टकारी तत्त्व प्रवेश नहीं कर सकते, यम के दूतों का वहाँ प्रवेश सम्भव नहीं होता। क्योंकि सात्विक वातावरण से वे सदा भयभीत रहते हैं। किन्तु जहाँ जिस घर में यह पूजा नहीं होती, वहाँ तो निश्चय ही धर्मराय की मायावी लीलायें अनवरत चलती रहती हैं:-
"जा घर आरती नाहिन साजी। ता घर धर्म राय की बाजी॥"

गत वर्ष २००३ में २४ सितम्बर को वाराणसी के कबीर बाग लहरतारा में जब मैं परम पूज्य वर्तमान पंथ श्री हजूर मुकुन्दमणि नाम साहेब जी से मिला तो "चौका-आरती" विषय पर काफी चर्चा हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि "विधियों के प्रति कट्टरता की अपेक्षा जीवन में सत्य का आचरण मन-वचन कर्म से करना अधिक महत्त्वपूर्ण है।" विधियों में भिन्नता भारत एवं बाहर के अन्य देशों में भी जहाँ कबीर पंथी हैं देखने को मिलता है। किन्तु सभी का भाव भक्ति पूर्वक सद्गुरु की आराधना का ही होता है। इस अंक में साधुओं, भक्तों एवं भजन गयकों के सुविधार्थ चौका आरती में प्रयुक्त होने वाले भजनों (रमैनी, पद, शब्द, आरती, मंगल, डोरी), को प्रकाशित किया जा रहा है। हिन्दी और अंग्रेजी दोनों लिपियों में होने से इसकी उपयोगिता और बढ़ गई है। सहृद् जन इसका लाभ उठावें।

॥ मङ्गलमस्तु सर्वेषाम् ॥

भजन ॥

धुनि सुनि के मनुवा मगन हुआ ।टेक॥
लागि समाधि रहे गुरु चरणन,
अन्तर का दुःख दूर हुआ ॥१॥
सार शब्द की डोरी लागी,
ता चढ़ि हंसा पार हुआ ॥२॥
शून्य शिखर पर झालर झलके,
बरसे अमी रस प्रेम चुवा ॥३॥
कहैं कबीर सुनो भाई साधो,
चाखि-चाखि अलमस्त हुआ ॥४॥

bhajana

dhuni suni ke manuvā magana huā || ṭeka ||
lāgi samādhi rahe guru caraṇana,
antara kā duḥkha dūra huā || 1 ||
sāra śabda kī ḍorī lāgī,
tā caḍhi hansā pāra huā || 2 ||
śunya śikhara para jhālara jhalake,
barase amī rasa prema cuvā || 3 ||
kahain kabīra suno bhāī sādho,
cākhi-cākhi alamasta huā || 4 ||

सात्विक आनन्दी चौका आरती

सत्यपुरुषसमारम्भां, कबीराचार्य मध्यमाम् ।
अस्मदाचार्य पर्यन्तां, बन्दे गुरुपरम्पराम् ।।

साखी

सब विधि मुद मंगल करन, हरन अलेश-कलेश ।
सत्यनाम सम नाम नहीं, वरदायक वरदेश ।।
मय मंगल मंगल करन, मंगल रूप कबीर ।
ध्यान धरत नाशत सकल, कर्म जनित भवपीर ।।
गुरु भक्ति अति कीन्हिया, पाँच कीन्ह प्रकाश ।
कर जोरि विनती करुँ, धन्य-धन्य धर्मदास ।।
अंश-बंश सब सन्त गुरु, भये आहि और आम ।
सबको मेरी बन्दगी, बार-बार करुँ याम ।।
गुरु मूरति गति चन्द्रमा, सेवक नैन चकोर ।
आठ प्रहर निरखत रहूँ, गुरु मूरति की ओर ।।
अमी समान आप हो, अमी सम वचन तुम्हार ।
दाया कीजै दास पर, निर्भय शब्द उचार ।।

भजन (स्वागत)

आये एक दीनदयाल, दयाकरि साहेब आये हो ।।टेक।।
आव-भाव से घर पोताये, आँगन धूरि बहाये हो ।
मोतियन चुनि-चुनि चौक पुराये हो, साधू बैठे भरपूर ।।
भजो मोरे साहेब आये हो . . . ।।१।।
श्वेत ही आसन श्वेत सिंहासन, श्वेत ध्वजा फहराये हो ।
खसम धनी गुरु बैठे ही तट पर, सतसुकृत लेई आये ।
भजो मोरे साहेब आये हो . . . ।।२।।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो, एक ही नाम जग सारा हो ।
एक नाम बिनु पार न पइहो, डूब मरे संसार ।।
भजो मोरे साहेब आये हो . . . ।।३।।

पद (उत्सव)

आज मोरे सतगुरु आये मिजमान। तन मन धन सब करूँ कुरबान ।।
प्रेम को पलंग दियो है बिछाय। चरणपखारि चरणामृत पाय ।।१।।
भावसहित भोजन परसाद। तुरत करूँ कछु लागे न बार ।।२।।
प्रेम की पटरी सुरत की डोर। आज मोरे साहब झुलत हिंडोर ।।३।।
साहब आये मैं फुली न समाऊँ। देख दिदार मगन हो जाऊँ ।।४।।
काह कहूँ कछु वर्णिन न जाय। तीन लोक पासँग में जाय ।।५।।
धर्मदास आमिन समुझाय। भक्ति करो तुम सुरति लगाय ।।६।।
कहैं कबीर सुनो धर्मदास। केवल नाम गहो विश्वास ।।७।।

साखी

गुरु को मानुष जो गिनै, चरणामृत को पान ।
ते नर चौरासी फिरैं, भटकें चारों खान ।।

शब्द

गुरु दरियाव नहाना हो जासे दुरमति भागे।
गुरु दरियाव सदा जल निर्मल, पैठत उपजत ज्ञाना हो ।।
जब लगि गुरु दरियाव न पावे, तब लगि फिरत भुलाना हो ।।
कोटिन तीरथ गुरु के चरनन, श्रीमुख आप बखाना हो ।।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो, अजर अमर घर जाना हो ।।

शब्द न. 3 (चरणामृत लेने का)

जिनको चरणामृत लीजे। ताहे गारी काहे को दीजे हो ।।टे०।।
संसार जाल है भारी। मोरे साधुन की गति न्यारी हो ।।१।।
वे तो काम क्रोध मद माते। ताते बांधे यमपुर जाते हो ।।२।।
ये तो लोभ मोह भरमावै। ताते हीरा हाथ न आवे हो ।।३।।
जासे मुक्ति पदारथ पाइये। ताके हिरदे माहि समाये हो ।।४।।
अस कहैंहि कबीर विचारी मोहे। साधु सँगत लगे प्यारी हो ।।५।।

साखी

गुरु को मानुष जानते, ते नर कहिये अंध ।
लख चौरासी भटकते, पड़ते यम के फंद ।।

साखियाँ (ज्योति प्रकाशन)

अनहद बाजा बाजिया, ज्योति भई परकाश ।
जन कबीर अन्दर खड़े, स्वामी सनमुख दास ।।१।।
बाजा-बाजा रहित का, पड़ा नगर में शोर ।
सतगुरु खसम कबीर हैं, नजर न आवै और ।।२।।
झलके ज्योति झिलमिली, बिन बाती बिन तेल ।
चहुँ दिशि सूरज ऊगिया, ऐसा अद्‌भुत खेल ।।३।।
जागृत रूपी रहत हैं, सत मत गहिर गँभीर ।
अजर नाम विनशे नहीं, सोऽहं सत्त कबीर ।।४।।
पद सेती परिचय करो, यह निज सुरति लगाय ।
कहैं कबीर धर्मदास सो, आवा गमन नसाय ।।५।।

प्रेम से बोलिये सद्‌गुरु कबीर साहेब की जय . . . (३)

साखी

धर्मदास बिनती करे, सुनगुरु कृपानिधान ।
जरामरण दुःख मेटिके, दीजिये पद निर्वाण ।।

रमैनी १

प्रथमहि मंदिर चौक पुरावा। उत्तम आसन श्वेत बिछावा ।।१।।
हंसा पग आसन पर दीन्हा। सत्य कबीर कही कही लीन्हा ।।२।।
नाम प्रताप हंस पर छाजे। हंसहि भार रती नहि लागे ।।३।।
भार उतार आप सिर लीन्हा। हंस छुड़ाय काल सो दीन्हा ।।४।।
साधु संत मिलि बैठे आई। बहु विधि भक्ति करे चितलाई ।।५।।
पान सुपारी नरियर केरा। लौंग लायची किसमिस मेवा ।।६।।
सवा शेर आनो मिष्ठाना। सत्त सवा सौ उत्तम पाना ।।७।।
सात हाथ बस्तर परमाना। सो सतगुरु के आगे आना ।।८।।
धन्य संत जिन आरती साजा। दुःख दारिद्र वाके घर सोभागा ।।९।।
कहें कबीर सुनो धर्मदासा। वोहं सोहं शब्द प्रकाशा ।।१०।।

साखी

चन्दन चौका कीजिये, मलियागिर को नाम ।
चारों कंवल सुधार हुँ, मध्य ताहि के धाम ।।

रमैनी २

अगर चंदन घसि चौकादीन्हा। आदि नाम का सुमिरण कीन्हा ।।१।।
जब सों धनी मन चितवन कीन्हा। चौका सेत हंस करि लीन्हा ।।२।।
धर्मदास चौका है सारा। चौका बैठे पुरुष पियारा ।।३।।
साधु संत मिलि बैठो आई। सुरति निरति सों शब्द लौलाई ।।४।।
कहाँहि कबीर शब्द जो ध्यावे। शब्दहिं में पुनि दर्शन पाये ।।५।।

साखी

चौका चार सुधार हूँ, चार कँवल अस्थान ।
चारों पवन उरेहि के, देखो तत्व अमान ॥

रमैनी ३

आदि नाम चित चेतहु भाई। आरति साजहु ज्योति बराई ॥१॥
पाट पिताम्बर अम्बर छाई। जहवां हंस करें गवनाई ॥२॥
श्वेत सिंहासन अगम अपारा। सत सुकृत जहवां पगु धारा ॥३॥
भागा तिमिर भया परकाशा आदि ज्योति कीन्हा रहिवासा ॥४॥
श्वेत सरूप शब्द है भाई। अग्रवास में रहै समाई ॥५॥
कहैं कबीर निज भेद हमारा। सत्त शब्द गहि उतरो परा ॥६॥

साखी

जो रचना है लोक की, सो चौका विस्तार ।
की बैठे निजवंश सुत, की पूरा कंडिहार ॥

रमैनी ४

कदली दल उत्तम विस्तारा। अति सुन्दर साजो पनवारा ॥१॥
सुघर मिठाई उत्तिम पाना। नरियर अंस लेहु पहिचाना ॥२॥
सात पांच नरियर मो नाही। ताहि जीव की गहो जिन बाही ॥३॥
सात पांच नरियर मो रेखा। संपुट गुप्त प्रगट हो देखा ॥४॥
सवा सेर आनों मिष्टाना। सत्त सवा सौ उत्तम पाना ॥५॥
सात-हाथ बस्तर परमाना। सो सतगुरु के आगे आना ॥६॥
इतना होय अवर नहि भाई। जासो काल दगा मिट जाई ॥७॥
लक्ष जीव नित करत अहारा। ताते थापेउं यह बेवहारा ॥८॥
और भेद सब राखो गोई। मत सुनि के जीव विचले सोई ॥९॥
सतगुरुशरण जीव जो आवे। ताको काल सदा शिर नावे ॥१०॥
कहैं कबीर सुनो धर्मनि नागर। बीरा नाम सों हंस उजागर ॥११॥

साखी

कलश आरती दल शिला, नरियर पान मिष्ठान ।
पूंगी फल लौंग लायची, शब्द भजन धुन ध्यान ॥

रमैनी ५

सत बारी से फूल मँगावा। सत सुकृत को आनि चढ़ावा ॥१॥
पुष्प की बास भई अघ्रानी। आदि नाम तब ही पहिचानी ॥२॥
तिहि के मध्य अधिक सुखधारा। तेहि सुमिरण से हंस उबारा ॥३॥
मन वच कर्म सुमिर जो कोई, ताको आवागमन न होई ॥४॥
श्वेत कमल का परिमल होई। निरखी देखु जगत गुरु सोई ॥५॥
कहैं कबीर भेद सुनु मोरा। अगर वास महके चहुं ओरा ॥६॥

साखी

पुहुप द्वीप पर बैठ के, सुख सागर अस्थान ।
आप द्वीप रहिवास है, मूल करी परमान ॥

रमैनी ६ 'आरती (आरती महात्म्य)

धर्मदास मानो उपदेशा। सत्य पुरुष का सुनहु संदेशा ॥१॥
धर्मदास मानो चित लाई। रहो ठिका पर उचट न जाई ॥२॥
आरती अजर करहु बनाई। निर्भय हंस लोक को जाई ॥३॥
कोटिन ज्ञान कथे नर लोई। बिना आरती बचे नहिं कोई ॥४॥
जा घर आरती नाहिन साजी। ता घर धर्मराय की बाजी ॥५॥
अजर ज्योति आरती परकाशा। दूत भूत यम मानैं त्रासा ॥६॥
कहैं कबीर सुनो धर्मदासा। हंसा पावे लोक निवासा ॥७॥

साखी

कहैं कबीर धर्मदास सो, शब्द न खाली होय ।
तुमहि छोड़ि औरन गहे, सो जिव जाय बिगोय ॥

रमैनी ७ (विनय)

दर्शन देहु गुरु नाम सनेही। तुम बिनु दुख पावे मेरी देही ॥१॥
अँन नहि भावे नींद न आवे। बार-बार मोहि बिरह सतावे ॥२॥
घर अंगना मोहि कुछ न सुहावे। विरह भयो तन रहि नहि जावे ॥३॥
नयना नीर बहे जल धारा। निसदिन पन्थ निहारुँ तुम्हारा ॥४॥
जैसे मणि बिन फणि बिकराला। ऐसे तुम बिन हाल हमारा ॥५॥
जैसे चातक स्वाति की आशा। ऐसे तुम बिन मरौं पियासा ॥६॥
जैसे मीन मरे बिन नीरा। ऐसे तुम बिन दुखित शरीरा ॥७॥
हौ साहब तुम दीन दयाला। केही कारण अब मोहि बिसारा ॥८॥

साखी

विनवत हूँ कर जोरि के, सुन गुरु कृपा निधान ।
सन्तन को सुख दीजिये, दया गरीबी ज्ञान ॥
प्रेम से बोलिये सद्गुरु कबीर साहेब की जय . . . (३)

शब्द (आरती)

मंगल रूप होय आरती साजे। अभय निशान ज्ञान धुन गाजे ॥टे०॥
अछय विरछ जाकी अंमर छाया। प्रेम प्रताप अमृत फल पाया ॥१॥
निशि वासर जहँ पूरन चन्दा। परम पुरुष तहँ करत अनंदा ॥२॥
तन मन धन जिन अरपन कीन्हा। परम पुरुष परमातम चीन्हा ॥३॥
जरा मरण की सँशय मेटो। सुरति सन्तायन सतगुरु भेंटो ॥४॥
कहैं कबीर हिरम्बर होई। निरखि नाम निज चीन्हे सोई ॥५॥

आरती २

जय जय सत्य कबीर ।।
सत्यनाम सत सुकृत, सतरत हत कामी ।
विगत क्लेश सत धामी, त्रिभुवन पति स्वामी ॥१॥
जयति जयति कबीरं, नाशक भव भीरम् ।
धार्यो मनुज शरीरं, शिशुवर सर तीरम् ॥२॥
कमल पत्र पर शोभित, शोभाजित कैसे ।
नीलाचल पर राजित, मुक्तामणि जैसे ॥३॥
परम मनोहर रूपं, प्रमुदित सुख-राशी ।
अति अभिनव अविनाशी, काशी पुरवासी ॥४॥
हंस उबारन कारण, प्रगटे तन धारी ।
पारख रूप बिहारी, अविचल अविकारी ॥५॥
साहेब कबीर की आरति, अगणित अघहारी ।
धर्मदास बलिहारी, मुद मंगलकारी ॥६॥

आरती अर्पण-साखी

आरति लेहु गोसाईं जी, जो होवे मम काज ।
तन मन धन न्योछावरी, सुख सम्पति कुलराशि ॥
सत्यनाम की आरती, निर्मल भया शरीर ।
धर्मदास सत्यलोक गये, गुरु बहिंया मिले कबीर ॥
प्रेम से बोलिये सद्गुरु कबीर साहेब की जय. . . (३)

नारियल मोरना-साखी

धर्मदास उनमुनि बसो, करहु जो शब्द को जाप ।
सार शब्द सुमिरण करो, मुनिवर मरत पियास ॥
सार शब्द शिखर पर, मूल ठिकाना सोई ।
बिन सद्गुरु पावै नहीं, लाख कथै जो कोई ॥
वेद थके ब्रह्मा थके, थाके मुनिवर देवा ।
कहैं कबीर सुनो साधवा, करो सतगुरु की सेवा ॥

साखी

कलश आरती दल शिला, चारों अंक सुधार ।
रेखा लिख तापर शिला, तहाँ कपूर प्रकाश ॥
अंश रेख सुर सीख को, गुरु स्वासा धर एक ।
तामों नरियर मोरहू, टूटे विघ्न अनेक ॥

मंगल (बनजारन)

बनजारन विनती करै, सुन साजना ।
नरियर लीन्हो हाथ, सन्त सुन साजना ॥१॥
बिना बीज को वृक्ष है, सुन साजना ।
बिन धरती अंकूर, सन्त सुन साजना ॥२॥
जाको मूल पताल है, सुन साजना ।
नरियर शीस अकाश, सन्त सुन साजना ॥३॥
डँडिया पाँच पचीस है, सुन साजना ।
तीन जनी सिरदार, सन्त सुन साजना ॥४॥
बिना भेद जिन मोरह, सुन साजना ।
जीव इकोत्तर हान, सन्त सुन साजना ॥५॥
गुरु के शब्द लै मोरह, सुन साजना ।
यम शिर मरदन हार, सन्त सुन साजना ॥६॥
सखियाँ पांच सहेलरी, सुन साजना ।
नव नारी विस्तार, सन्त सुन साजना ॥७॥
कहैं कबीर बघेल से, सुन साजना ।
रानी इन्द्रमती सिरताज, सन्त सुन साजना ॥८॥

शब्द (भोग लगाने का)

सत्त पुरुष को भोग लागे। सींगी शब्द अनाहद बाजै ।।टे०।।
कदलि पत्र साजो पनवारा। शीतल शब्द ज्योति उजियारा ।।१।।
नरियर मोर खुरोरी कीन्हा। आदि नाम अन्तर घट चीन्हा ।।२।।
सुघर मिठाई मधुर मिठाई। प्रीति भाव से सन्त बुलाई ।।३।।
लौंग लायची किसमिस केरा। मधुर मधुर रसदाख घनेरा ।।४।।
सुखसागर के निरमल नीरा। जापर सतगुरु तृपत शरीरा ।।५।।
सत्त पुरुष को अर्पण कीन्हा। शंख शब्द धुन बाजे बीना ।।६।।
सो परसाद दास को दीन्हा। जाते काल भयो है अधीना ।।७।।
पान प्रसाद जीव जो पावे। अंकुरि हंसा सतलोक सिधावे ।।८।।
ऐसा भेद करो परकाशा। सत्य शब्द मानो विस्वासा ।।९।।
कहैं कबीर सुनो धर्मदासा। वीरा नाम करो परकाशा ।।१०।।

शब्द (अचवन का)

अचवन कीजे गुरु कृपानिधान ।।टे०।।
सेवक लिये प्रेम जल झारी, खरिचा ब्रह्म गियान।।१।।
भाव भगति से बीरा लीजे, सन्तन जीवन प्राण।।२।।
अमी उगार दास को दीजे, जन को परम कल्याण।।३।।
हृदय कमल बिच पलंग बिछायो, पौढ़े पुरुष पुराण।।४।।
चरण कमल की सेवा करिहों, दासातन परमाण।।५।।
सुरति के बिजना डुलाऊँ मैं ठाढ़ो, एक टक लागो ध्यान।।६।।
धर्मदास पर दया कीजे, पूरण पद निरवाण।।७।।

साखी

खरिचा अचवन लेईके, एकटक सुमिरो ध्यान ।
कहैं कबीर धर्मदास सो सोहं शब्द निर्वाण ॥
सोहं शब्द सो काज है, सुनो सन्तमति धीर ।
सोहं डोरी सतलोक गये, सतगुरु कहैं कबीर ॥
प्रेम से बोलिये सद्गुरु कबीर साहेब की जय . . . (३)

शब्द (तिनुका अर्पण का)

जमुनिया की डार साहेब तोड़ दीजे।।टे०।।
एक जमुनिया की चौदह डार, सार शब्द लै तोड़ दीजे हो ।।१।।
सुरति हमारी अजब पियासी, प्रेम अमीरस घोर दीजे हो ।।२।।
गुरु हमारे ज्ञान जौहरी, हीरा पदारथ तौल दीजे हो ।।३।।
यह संसार विषय रस माते, भरम किंवरिया खोल दीजे हो ।।४।।
धर्मदास की अरज गुसांई, जीवन के बन्द छुड़ा दीजे हो ।।५।।

शब्द (कंठी का)

पायो निज नाम गले को हरवा ।।टे०।।
सतगुरु पटवा अजब लहरवा । छोटी मोटी डोलिया में चार कहरवा ।।१।।
प्रेम प्रीति की पहिरि चुनरिया । निहुरि नचो साहब दरबरवा ।।२।।
सतगुरु कुंजी दई महल की । जब चाहो तब खोल किवड़वा ।।३।।
यही मेरी ब्याह यही मेरोगवना । कहैं कबीर बहुरि नहि अवना ।।४।।

शब्द (नाम सुनाने का)

गुरु पैयाँ लागो नाम लखाय दीजे हो ।।टे०।।
जुगन जुगन का सोयल मनुवा । दे सत शब्द जगाय दीजे हो ।।१।।
घट अंधियार कछू नहि सूझे । ज्ञान की दृष्टि बताय दीजे हो ।।२।।
विष की लहर उठे घट भीतर । अमृत बूँद चुवाय दीजे हो ।।३।।
गहरी नदिया नाव पुरानी । खेई के पार लगाय दीजे हो ।।४।।
धर्मदास की अरज गुसांई । जीवन बन्द छुड़ाय दीजे हो ।।५।।

पान परवाना साखी

एक पान बरइन के, हाटों हाट बिकाय ।
एक पान सतगुरु दिये, अमरलोक लिये जाय ॥

शब्द-भजन (पान-परवाना)

सतगुरु पान बिचारें हो, हंसा कर लेहु ना उबार ।।टेक।।
कोई मोरे लावे लवँगिया हो, कोई मोरे लावेला पान ।
काई मोरे लावे सुख नरियर हो, नरियर मोरे प्राण ।।१।।
साहेब कबीर लावे लवँग हो, धर्मदास लावे पान ।
माई आमिनि लावे सुख नरियर हो, नरियर मोरे प्राण ।।२।।
कौन बेरिया पैबो लवँग हो, कौन बेरिया पैबो पान ।
कौन बेरिया पैबो सुख नरियर हो, नरियर मोरे प्राण ।।३।।
चलन के बेरिया पैबो लवँग हो, बैठन के बेरिया पान ।
पूजा के बेरिया पैबो सुखनरियर हो, नरियर मोरे प्राण ।।४।।
कैसे के सींचब लवँग हो, कैसे के सींचब पान ।
कैसे के सींचब सुख नरियर हो, नरियर मोरे प्राण ।।५।।
नीर से सींचब लवँग हो, अमीरस सींचब पान ।
दूध से सींचब नरियर हो, नरियर मोरे प्राण ।।६।।
हमरे के दो-दो बलकवा हो, हमहीं तो आदि अन्त ।
साहेब कबीर गुरु के मंगल हो, गावें लें धर्मदास ।।६।।

परिशिष्ट

(रमैनी-आनन्द आरती)

रमैनी १

धर्मदास तुम पंथ उजागर। अरपो दल पहुँचो सुखसागर ।।१।।
चंदन चौका रचहु बनाई। सतसकृत जहाँ बैठे आई ।।२।।
सत बारी के फूल मंगावा। सो सतगुरु को आन चढ़ावा ।।३।।
धर्मदास उठि बिनती कीन्हा। हो सतगुरु हम तुमको चीन्हा ।।४।।
जो तुम कहो मानि लेउँ सोई। तुम गुरु छोड़ और नहि कोई ।।५।।
कहँहि कबीर सुनो धर्मदासा। वीरा नाम करो परकाशा ।।६।।

साखी

लौंग इलायची नारियर, आरति धरो लिसाय ।
कहैं कबीर धर्मदास सो, काल दगा मिट जाय ॥

रमैनी २

धर्मदास तुम बीरा लेहू। जंबूद्वीप के जीवन देहू ।।१।।
मैं का जानौं पंथ की आदि। जंबूद्वीप बसैं बकवादी ।।२।।
पढ़े वेद और करैं अचारा। वे नहि मानैं शब्द तुम्हारा ।।३।।
जो नहि माँनै शब्द हमारा। सो चली जैहैं जम के द्वारा ।।४।।
जो कोई मानै शब्द हमारा। वो चलि ऐहैं लोक मँझारा ।।५।।
अन्तर कपट करै मन मांही। ताकी लोक बदी नहि भाई ।।६।।
कहैं कबीर सुनो धर्मदासा। वोहं सोहं शब्द प्रकाशा ।।७।।

साखी

अंश रेख सुर सीख को, गुरु स्वासा धर एक ।
तामों नरियर मोरहू, टूटे विघ्न अनेक ॥

रमैनी ३

उग्र ज्ञानका कहौं संदेशा। धर्मदास मानो उपदेशा ॥१॥
धर्मदास मानो चित्त लाई। रहो ठिका पर उचट न जाई ॥२॥
अजर लोक में आरति कीन्हा। सो आरति हम तुमको दीन्हा ॥३॥
जा घर आरति नाहि न साजी। ता घर धर्मराय की बाजी ॥४॥
जा घर आरती करहु बंनाई। निर्भय हंस लोक को जाई ॥५॥
कोटिन ज्ञान कथे नर लोई। बिन आरति बचे नहि कोई ॥६॥
अजर जोति आरति परकाशा। दूत भूत जम माने त्रासा ॥७॥
कहैं कबीर सुनो धर्मदासा। हंसा पावे लोक निवासा ॥८॥

साखी

कलश आरती दल सिला, नरियर पान मिष्ठान ।
पूँगी फल लौंग लायची, शब्द भजन धुन ध्यान ॥

(शब्द-आनन्द उत्सव के)

शब्द १

भजन में होत आनन्द आनन्द।
बरसत शब्द अमी के बादल, भींजत हैं कोई सन्त ।टे०॥
रोम रोम अमी अन्तर भीजें, पारस परसत अंग ।
गहो निज नाम त्रास तन नाही, साहब हैं तेरे संग ॥१॥
अग्रवास जहाँ तत्व की नदिया, मानो अठारह गंग ।
करि असनान मगन हो बैठे, चढ़त शब्द को रंग ॥२॥
स्वासा सार रचो मेरे साहब, जहाँ न माया मोहंग ।
कहँहि कबीर सुनो भाई साधो, जपहु सोहंग सोहंग ॥३॥

शब्द २

अब हम आनन्द के घर पायो।
जब से दया भई सतगुरु की, अभय निशान घुमायो ।टे०॥
काम क्रोध की गागर फोरी, ममता नीर बहायो ।
तजि परपंच वेद विधि किरिया, चरन कमल चित लायो ॥१॥
पाँच तत्व की या तन गुदड़ी, ममता टोभ लगायो ।
हद घर छोड़ बेहद घर आसन, गगन मंडल मठ छायो ॥२॥
चाँद न सूर्य दिवस नहि रजनी, तहाँ जाई लार लरायो ।
कहैं कबीर कोइ पिया की पियारी, पिया पिया रट लायो ॥३॥

शब्द ३

गुरुजी मोहे बहुत निहाल किये ।टे०॥
नाम को कंठी गल बीच डारी, सिर पर छत्र दिये ।
कर्महि काटि किये गुरु निर्मल, उज्वल हंस किये ।१॥
भवसागर में डूबत देखो, जम से राखि लिये ।
कहें कबीर सुनो भाई साधो, जाय निसान दिये ।२॥

शब्द ४

अब हम सोई परम पद जाना ।टे०॥
ना वहाँ सिद्ध नहिं वहाँ साधक, दूसरे कहत दिवाना ।
ना वहाँ चन्दा ना वहाँ सूरज, ना रजनी ना भाना ॥१॥
मकरी तार स्वेत है झीनो, तहाँ मेरो मन माना ।
कहैं कबीर चींटी के खुर में, पिंड ब्रह्मण्ड समाना ॥२॥

(मंगल-आनन्द उत्सव के)

मंगल १

चल सतगुरु के हाट, ज्ञान बुधि लाइये ।
लीजे साहब को नाम, परम पद पाइये ॥१॥
साहब सब कछु दीन्ह, देवन कछु ना रह्यो ।
तुमहि अभागिन नार, अमृत तज विष पियो ॥२॥
गई थी पिया के महल, पिया संग ना रची ।
हिरदे कपट रहो छाय, कुमती लज्जा बसी ॥३॥
जो गुरु रूठे होय, तो तुरत मनाइये ।
हो रहु दीन अधीन, चूक बकसाइये ॥४॥
सतगुरु दीन दयाल, दया दिल हेरहीं ।
कोटि करम कटि जाय, पलक चित फेरहीं ॥५॥
भलो बनो संजोग, प्रेम को चोलना ।
तन मन अरपो शीस, साहब हँसि बोलना ॥६॥
कहैं कबीर समुझाय, समुझि हिरदे धरो ।
जुगन जुगन करो राज, सो दुरमति परिहरो ॥७॥

मंगल २

सतगुरु दीनदयाल, काल भय मेटिया ।
पायो दीप ज्ञान, अमर वर भेटिया ॥१॥
जो कुछ देखा चाहों, चलो सत संग में ।
उन से करहु सनेह, मिलो उस रंग में ॥२॥
अविगत अगम अभेव, अखंडित पूर है ।
झिलमिल झिलमिल होय, सदा वह नूर है ॥३॥
इंगला पिंगला साध, यही एक ख्याल है ।
चन्द्र भानु गम नाहि, तहाँ मेरा लाल है ॥४॥
कहैं कबीर समुझाय, समुझ नर बावरा ।
हंस गये सतलोक, उतरि भव-सागरा ॥५॥

मंगल ३

अखंड साहेब को नाम और सब खंड है।
खांडित मेरु सुमेरु, खांड ब्रह्मण्ड है ॥१॥
थिर न रहे धन धाम, सो जीवन दुन्द है ।
लख चौरासी के जीव, परे यम फन्द है ॥२॥
जिनको साहब सों हेत, सोई निरबन्ध है ।
उन सन्तन के संग, सदा आनन्द है ॥३॥
चंचल मन थिर राख, तबै भल रंग है ।
उलट निकट भर पीव, सो अमृत गंग है ॥४॥
दया भाव चित्त राख, तो भक्ति को अंग है ।
कहैं कबीर चित चेत, सो जगत पतंग है ॥५॥

मंगल ४ (पूरणमासी)

पूरणमासी आज, तो मंगल गाइये ।
सतगुरु चरण मनाय, परम पद पाइय ॥१॥
प्रथमहि मन्दिर झार, तो चन्दन पुताइय ।
नूतन बस्तर आन, चंदेवा तनाइये ॥२॥
गजमोतियन के चौक, सो तहां पुराइये ।
मेवा अरु मिष्टान्न, बहुत विधि लाइये ॥३॥
गउ घृत पकवान, सो धोती उढ़ाइये ।
पालव सहित जु कलशा, तहाँ धराइये ॥४॥
पाँच ज्योति को दीपक, तहाँ बराइये ।
गुरु के हेतु सो आसन, तहाँ बिछाइये ॥५॥
गुरु के चरण परिवार, तहाँ बैठाइये ।
साधु सन्त संग लाय, तो आरती उतारिये ॥६॥
आरती करि पुनि नरियर, तहाँ मोराइये ।
पुरुष को भोग लगाय, सखा मिलि पाइये ॥७॥
पाय प्रसाद अघाय, चरण चित्त लाइये ।
जुगन जुगन को क्षुधा, सो तुरत बुझाइये ॥८॥
अति अधीन होय प्रेम सो, गुरु ही रिझाइये ।
कहैं कबीर सतभाव सो, लोक सिधाइये ॥९॥

सात्विक चलावा चौका आरती

साखी

आये है सो जायँ, राजा रंक ककीर।
एक सिंहासन चढि चले, एक बँधि जात जँजीर॥

शब्द (चलावा के)

डोरी १

शब्द सिंहासन पाट में, तुम हंसा बैठो आय हो ॥टे०॥
कौन नाम मुक्तामणि, कौन नाम वे अंश ।
कौन नाम वे पुरुष हैं, कौन नाम वे हंस ॥टे१॥
अजर नाम मुक्तामनि, उग्र नाम वे अंश ।
ज्ञानी नाम वे पुरुष हैं, सुरति नाम वे हंस ॥२॥
मूल द्वीप निज द्वीप है, और सुनी हम पाह ।
बैठे हंस उबारहीं, सोहंगम के बाँह ॥३॥
जम्बू द्वीप के हंसा भाई, पांजी बैठे आय ।
कहैं कबीर धर्मदास सो, तुम लावहु बाँह चढ़ाय ॥४॥

साखी

हंसा छूटे बाज ज्यों, कोटि सिंह का जोर ।
सुमिरण दीन दयाल का, पहुँचि गया निज ठौर ॥१॥

डोरी २

अबकी बेर उबारिये, मेरी अरजी दीनदयाल हो ॥टे०॥
आई थी वहि देश से, भई परदेशी नार ।
वह मारग में भूलिया, बिसरि गई निज नाह ॥१॥
जुगन जुगन भरमत फिरी, यम के हाथ बिकाय ।
कर जोरे बिनती करौं, मोहि मिलके बिछुरि मत जाय ॥२॥
विषम नदी विकराल है, वोहित करिया धार ।
मोह नगर के घाट में, खाये सुर नर झार ॥३॥
शब्द जहाज कबीर का, सतगुरु खोवनहार ।
कोई कोई हंस उबारहीं, पल में लेहिं छुड़ाय ॥४॥

साखी

चली जो पुतरी लोन की, थाह सिंधु को लेन ।
आपुहि गलि पानी भई, उलटि कहे को बैन ॥२॥

डोरी ३

नाम सनेह न छाड़िये, भावे तन मन धन जरि जाय हो ॥टे०॥
पानी से पैदा किया, नख शिख सीस बनाय ।
वह साहेब को बिसारिया, तेरो गाढ़ो होत सहाय ॥१॥
महल चुने खाई खने, ऊँचे ऊँचे धाम ।
जब यम बैठे कंठ में, तेरे कोई न आवे काम ॥२॥
मात-पिता सुत बांधवा, और दुलारी नार ।
यह सब हिलमिल बीछुरे, तेरी शोभा है दिन चार ॥३॥
जैसी लागी ओर से, दिन दिन दूनी प्रीति ।
नाम कबीर न छाड़िये, भावे हार होय की जीत ॥४॥

साखी

उनमुनि चढ़ि अकाश में, गई गगन में छूट ।
हंस चलावा जात है, काल रहा सिरकूट ॥३॥

डोरी ४

कौन मिलावे जोगिया, जोगिया बिन रहो न जाय हो ॥टे०॥
हौं हिरनी पिय पारधी, मारा शब्द का बान ।
जाहि लगे सोइ जानिया, और दरद नहिं जान ॥१॥
पिय कारण पियरी भई, लोग कहें तन रोग ।
जप तप लंघन मैं करौं, पिया मिलन के जोग ॥२॥
हूँ तो पियासी पीव की, रटौं सदा पिव पिव ।
पिया मिलैं तो जीय हौं, ना तो त्यागौं जीव ॥३॥
कहैं कबीर सुन जोगिनी, तन ही में मन ही समाय ।
पिछली प्रीति के कारणे, जोगी बहुरि मिलेंगे आय ॥४॥

साखी

अस वीरा परताप बल, प्रबल काल ते होय ।
जिहि सतगुर बहियाँ मिले, हंस न जाय बियोग ॥४॥

डोरी ५

हंसा दुरमति छोड़ि दे, तुम निरमल होय घर आव हो ॥टे०॥
दूध हि से दधि होत है, दधि मथि माखन होय ।
माखन से घृत होत है, बहुरि न छाछ समोय ॥१॥
ऊखहि से गुड़ होत है, गुड़ से होत है खाँड़ ।
सतगुरु मिल मिसरी भये, बहुरि न ऊख समोय ॥२॥
खाँड़ जो बगरी रेत में, गजमुख चूनि न जाय ।
जाति बरन कुल खोय के, चींटी होय चुनि खाय ॥३॥
दाग जो लागा नील का, नव मन साबुन धोय ।
कोटि जतन परबोधिये, कागा हंस न होय ॥४॥
कहैं कबीर सुन केशवा, तेरी गति अगम अपार ।
बाप बिनोरा हो रहे, पूत भये चौ तार ॥५॥

साखी

बीरा बद जिन जाहहू, पुरुष नाम निज मूल ।
जा दिन हंसा तन तजे, मेटो संशय शूल ॥५॥

डोरी ६

शब्द सनेही हंसा, तुम जग तजि होहु निनार हो ॥टे०॥
सत्त शब्द निज डोर है, तुम हंसा गहो बनाय ।
सत बीरा निज नाम है, तुम चाखत ही घर जाय ॥१॥
बिना बीज को जाम है, बिन अंकुर को झाड़ ।
बिन डोंडी फल लागिया, कोई साधु करै विचार ॥२॥
अजर केर अंकुर भये, अजर की लागी डार ।
अजर फल फूल लागिया, कोई साधु करे अहार ॥३॥
मोहि अजर करि जानहू, अम्मर देउँ बताय ।
जिहि भांड़े निज सांच है, हम तामो रहे समाय ॥४॥
कहैं कबीर धर्मदास सों, बेगि जाहु संसार ।
सोहंगम के बाँह से, तुम हन्स उतारो पार ॥५॥

साखी

उत्तर घाटी उतरि के, पाँजी बैठे जाय ।
तहवाँ सुरति समोवै, पुरुष के परसे पाय ॥६॥

डोरी ७

चलु सखी चौपर खेलिये, तन मन से बाजी लाय हो ॥टे०॥
चौपर खेलौं सुन्न में, खेलौं दिन औ रात ।
चल हन्सा घर आपने, जहँ तेरी उतपात ॥१॥
चौपर खेलौं पीव से, बाजी लगावौं जीव ।
जो हारौं तो पीव की, जो जीतौं तो पीव ॥२॥
चार गली घर एक है, चार वरन एक सार ।
पासा डारौं प्रेम के, जीत चली संसार ॥३॥
चौपरिया के खेल में, जुग नहने को दाँव ।
नरद अकेली हो रही, छिन पल खावे घाव ॥४॥
चौरासी घर भरम के, पव में अटकी आय ।
अब की पव जो ना परे, फिर चौरासी जाय ॥५॥
पगरा से बाजी लगे, परे अठारह दाँव ।
सार गँवाई हाथ से, सिर पर लागे घाव ॥६॥
जात वरण कुल मेटिके, पावे भक्ति अटूट ।
कहे कबीर धर्मदास सो, तेरो कोई न पकरे खूँट ॥७॥

साखी

मैं कबीर विचलौं नहीं, शब्द मोर समरथ ।
ताको लोक पठाइहौं, जो चढ़े शब्द के रथ ॥७॥

(Contd. on inside front cover)

|| sātvika-ānandī caukā āratī ||

satyapuruṣasamārambhāṁ, kabīrācārya madhyamām |
asmadācāryaparyantāṁ, bande guruparamparām ||

|| sākhī ||

saba vidhi muda mangala karana, harana aleśa-kaleśa |
satyanāma sama nāma nahīn, varadāyaka varadeśa ||

maya mangala mangala karana, mangala rūpa kabīra |
dhyāna dharata nāśata sakala, karma janita bhavapīra ||

guru bhakti ati kīnhiyā, pānca kīnha prakāśa |
kara jori vinatī karun, dhanya dhanya dharmadāsa ||

anśa-banśa saba santa guru, bhaye āhi aura āma |
sabko merī bandagī, bāra –bāra karun yāma ||

guru murati gati candramā, sevaka naina cakora |
āṭha pahara nirkhata rahūn, guru mūrati kī aora ||

āmī samāna āpa ho, amī sama vacana tumhāra |
ḍāyā kījai dāsa para, nirbhaya śabda ucāra ||

|| bhajana – svāgata ||

āye eka dīna dayāla, dayā kari sāheba āye ho || ṭeka ||
āva-āva se ghara potāye, āngana dhūri bahāye ho |
motiyana cuni-cuni cauka purāye ho, sādhū baiṭhe bharapūra ||
bhajo more sāheba āye ho ..... || 1 ||

śveta hī āsana śveta sinhāsana, śveta dhvajā phaharāye ho |
khasama dhanī guru baiṭhe hī taṭa para, satasukṛta leī āye ||
bhajo more sāheba āye ho ..... || 2 ||

kahain kabīra suno bhāī sādho, eka hī nāma jaga sārā ho |
eka nāma binu pāra na paiho, ḍuba mare sansāra ||
bhajo more sāheba āye ho ..... || 3 ||

|| bhajana – svāgata ||

gaḍhabāndho eka āmīna binave, kaba sāheba more āye ho || ṭeka ||
jaba sataguru gaḍhabāndho āye, sakhiyana mangala gāye ho |
jaba sataguru paiyāra men āye, āmīna kalaśa dharāye ho || 1 ||

jaba sataguru more āngana men āye, motiyana caukā purāye ho |
jaba sataguru more mahala men āye, kanaka bhaṇḍāra luṭāye ho || 2 ||

caraṇa pakhāri caraṇāmṛta līnhā, lekara palanga baiṭhāye ho |
pāna supārī nariyara kelā, āmīna bhenṭa caḍhāye ho || 3 ||

cāra khūnṭa ke caukā pote, bīca dhare paravānā ho |
karahin āratī sanmukha āye, caraṇa taka bhaī ṭharī ho || 4 ||

likha paravānā sataguru dīnhā, ajara amara kara līnhā ho |
kahain kabīra suna dharmani āmīna, lehū mukti paravānā ho || 5 ||

|| bhajana – svāgata ||

koī guru jana āye hain more anganā, āye more anganā ho || ṭeka ||
caraṇa pakhāri caraṇāmṛta līnhā, deī ke sinhāsana baiṭhāye more ānganā || 1 ||
kāhe ke khambhe gaḍhe hain more anganā, kāhe ke manḍavā chavāye more anganā || 2 ||

kele ke khambhe gaḍhe hain more anganā, patavana ke manḍavā chavāye more anganā || 3 ||
kāhe ke cauka purāye more anganā, kāhe ke kalaśa dharāye more anganā || 4 ||
motiyana cauka purāye more anganā, sone ke kalaśa dharāye more anganā || 5 ||
dharmadāsa kī āmini vinave, āja to ānanda bhaye hain more anganā || 6 ||

pada (utsava)

āja more sataguru āye mijamāna | tana mana dhana saba karūn kurabāna ||
prema ko palaṅga diyo hai bichāya | caraṇapakhāri caraṇāmṛta pāya || 1 ||
bhāvasahita bhojana parasāda | turata karūn kachu lāge na bāra || 2 ||
prema kī paṭarī, surata kī ḍora | āja more sāhaba jhulata hiṇḍora || 3 ||
sāhaba āye main phulī na samāūn | dekha didāra magana ho jāūn || 4 ||
